कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।
(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर–831001)
दूरभाष संख्या– 0657–2231017, फैक्स–0657–2231017, ई–मेल– dfo-jamshedpur@gov.in

जहाँ है हरियाली
वहाँ है खुशहाली ।

पत्रांक: 3361 /जमशेदपुर   दिनांक: 23/10/2019

सेवा में,

श्री विनोद शर्मा,
विमानपत्तन निदेशक,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
बिरसामुण्डा विमानपत्तन, राँची।

विषय :– धालभूमगढ़ हवाई अड्डा के विकास हेतु 99.256 हे० वनभूमि अपयोजन का पुनरीक्षित प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक भा०वि०प्रा० / राँची / धालभूमगढ़ / 2019–20 दिनांक 14.10.2019

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विषयान्तर्गत 99.256 हे० वनभूमि अपयोजना के प्रस्ताव में निम्न अभिलेखों एवं प्रतिवेदन आवश्यक है :–

1. समर्पित वृक्षों की गणना सूची में परियोजना में सम्मिलित वनभूमि एवं गैर–वनभूमि में अवस्थित वृक्षों को संयुक्त रूप से दर्शाया गया है जिससे यह पता नहीं चलता है कि वनभूमि में कितने एवं गैर–वनभूमि में कितने वृक्ष अवस्थित है। परियोजना में सम्मिलित वनभूमि एवं गैन–वनभूमि में अवस्थित वृक्षों की अलग–अलग सूची समर्पित की जाय।
2. वर्त्तमान में Approach Road हेतु प्रस्तावित वनभूमि को सम्मिलित कर वनभूमि विवरणी (Land Schedule) समर्पित किया जाय।
3. वर्त्तमान में Approach Road हेतु प्रस्तावित कुल गैर–वनभूमि की विवरणी (Land Schedule) समर्पित किया जाय।
4. स्थलवार एवं उद्येश्य वार वनभूमि की विवरणी समर्पित किया जाय।
5. परियोजना में सन्निहत गैर–वनभूमि के संबंध में संबंधित उपायुक्त का अनापत्ति प्रमाण पत्र समर्पित किया जाय।

इसके अतिरिक्त Approach Road हेतु प्रस्तावित वनभूमि की विवरणी में चारचाका मौजा में प्रस्तावित वनभूमि का रकवा की गणना करने पर गणना की गई रकवा एवं प्रस्तावित रकवा में भिन्नता पाई गयी है। साथ ही क्षतिपूरक वनरोपण से संबंधित समर्पित KML File भी त्रुटिपूर्ण है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त त्रुटियों का निराकरण कर प्रस्ताव समर्पित करें ताकि प्रस्ताव पर अग्रत्तर कार्रवाई की जा सके।

Mail also

विश्वासभाजन,
23/10/'19
वन प्रमंडल पदाधिकारी
जमशेदपुर वन प्रमंडल
जमशेदपुर।